**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**

**<u>सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करना</u>**

**आवेदन संख्या**: AV.20015/111/2015-AD

**आवेदक का नाम**:
भोगापुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BIACL)

**पता**:
#10-2-1, तृतीय तल,
एफडीसी कॉम्प्लेक्स, एसी गार्ड्स,
हैदराबाद-500028।

**निर्णय**:
सक्षम प्राधिकारी ने विजयनगरम जिले में, विशाखापत्तनम के निकट, सार्वजनिक उपयोग के लिए भोगापुरम अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना हेतु निम्नलिखित शर्तों तथा रक्षा मंत्रालय द्वारा उनके पत्र संख्या 2(12)/2015/D(Air-II) दिनांक 15.12.2015, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा कार्यालय ज्ञापन दिनांक 10 अगस्त, 2016, राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 23 सितम्बर, 2016, नागर विमानन महानिदेशालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) की यूओ टिप्पणी दिनांक 21.09.2016, विभिन्न अन्य सरकारी मंत्रालयों/विभागों द्वारा लगाई गई शर्तों तथा अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए, नागर विमानन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी देश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना हेतु दिशा-निर्देशों के अनुपालन/विमानपत्तन अवसंरचना नीति, 1997 के प्रावधानों के अधीन 'सैद्धांतिक' स्वीकृति प्रदान की है।

**<u>'सैद्धांतिक' स्वीकृति की शर्तें</u>**

(i) वित्तीय बोली की अंतिम तिथि से पूर्व भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण की जानी चाहिए।

(ii) ओएलएस (OLS) सर्वेक्षण एएआई के पैनल में शामिल एजेंसी द्वारा कराया जाएगा तथा संदर्भ की शर्तें (ToR) एएआई द्वारा अनुमोदित की जानी चाहिए।

(iii) राज्य सरकार तथा परियोजना प्रस्तावक इस प्रस्ताव के संबंध में बाद के चरण में व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF) का अनुरोध नहीं करेंगे।

(iv) परियोजना का विकास राष्ट्रीय नागर विमानन नीति (NCAP), 2016 के अनुसार किया जाना चाहिए।

(v) संपर्क मार्ग तथा हवाईअड्डे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया जाना चाहिए।

(vi) प्रवर्तक को सभी विनियामक/सरकारी एजेंसियों के साथ आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करनी होंगी।

**दिनांक**: 07.10.2016

(वेंकटरमण हेगड़े)
निदेशक
दूरभाष-24610366